**S-0** Roll No. ……………………..

# BAJY–102

जन्म कुण्डली निर्माण

कला में स्नातक (ज्योतिष) बी. ए.-12 / 16 / 17

प्रथम वर्ष, सत्र 2018

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 80

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. "ज्योतिषशास्त्र एक प्रत्यक्ष शास्त्र है।" इस उक्ति का विस्तृत परिचय दीजिए।
2. गतनक्षत्र अश्विनी 50 / 30 घटी पलात्मक मान, जन्मनक्षत्र भरणी 50 / 30, इष्टकाल 55-30, भयात भभोग बनाकर चन्द्र स्पष्ट कीजिए।

3. लग्नस्पष्ट 1-10°-20-'30'' दशम लग्नस्पष्ट 10-10-20-30 द्वादशभाव सन्धि सहित स्पष्ट कर चक्र निर्माण कीजिए।
4. मृगशिरानक्षत्र भयात 30-30 भभोग 61 घटी विंशोत्तरी दशा का ज्ञान कर भुक्त भोग्य साधन कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. इष्टकाल साधन की विधि लिखकर उदाहरण दीजिए।
2. ग्रहगतिज्ञान की विधि लिखकर कल्पित उदाहरण द्वारा सूर्य से राहु पर्यन्त आठों ग्रहों की गति साधन कीजिए।
3. कल्पित भयात भभोग साधन कर जन्माक्षर का निर्णय कीजिए तथा जन्मराशि भी बताइये।
4. पलभा मान 10 अंगुल चरखण्ड साधन कीजिए।
5. कल्पित दशम लग्न तथा लग्नस्पष्ट द्वारा षष्ठांश ज्ञान कीजिए तथा विधि भी लिखिये।
6. योगिनी दशा एवं विंशोत्तरी दशाओं के नाम तथा दशा वर्ष प्रमाण लिखिए।
7. कल्पित 12 भाव तथा ग्रहस्पष्ट द्वारा चलित चक्र निर्माण कीजिए।
8. ग्रहों की दृष्टि उदाहरण द्वारा मंगल, गुरु, शनि ग्रहों के परिप्रेक्ष्य में समझाइये।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

1. आश्लेषा नक्षत्र में जन्म होने पर जन्मराशि क्या होगी ?

   (अ) मेष

   (ब) वृष

   (स) मिथुन

   (द) कर्क

2. एक भगण में कितनी राशियाँ होती हैं ?

   (अ) 4

   (ब) 8

   (स) 9

   (द) 12

3. सूर्य का पुत्र कौन-सा ग्रह है ?

   (अ) चन्द्र

   (ब) शनि

   (स) बुध

   (द) गुरु

4. गुरु ग्रह की विशेष दृष्टि किन-किन स्थानों पर होती है ?

(अ) 1-2

(ब) 3-4

(स) 5-9

(द) 8-10

5. मेष राशि में नवम नवमांशेश ग्रह कौन-सा है ?

(अ) गुरु

(ब) शनि

(स) सूर्य

(द) चन्द्र

6. केन्द्र किन भावों की संज्ञा है ?

(अ) 1, 4, 7, 10

(ब) 2, 5, 8, 11

(स) 3, 6, 9, 12

(द) 5, 9

7. प्रातः सूर्योदय काल में इष्टकाल क्या होगा ?

(अ) शून्य

(ब) दस

(स) पाँच

(द) तीस

8. शनि की उच्च राशि कौन-सी है ?

   (अ) मेष

   (ब) तुला

   (स) मकर

   (द) कुंभ

9. कृत्तिका जन्मनक्षत्र होने पर किस ग्रह की दशा में जन्म होगा ? विंशोत्तरी दशानुसार लिखिये :

   (अ) चन्द्र

   (ब) मंगल

   (स) सूर्य

   (द) राहु

10. प्रथमभाव का स्थिर कारक कौन-सा ग्रह है ?

   (अ) शनि

   (ब) सूर्य

   (स) भौम

   (द) गुरु